### टयूबवेल के पास मिले शव की 24 घंटे बाद भी नहीं शिनाख्त

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर टयूबवेल के पास मिले युवक के शव की 24 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। बता दें कि गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर गुरूवार दोपहर टयूबवेल के पास युवक का शव पड़ा हुआ मिला था। लोगों ने इसकी पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने आसपास के थानों में मृतक का फोटो भेजा है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार का कहना है कि शिनाख्त के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।



### करोड़ों के विकास कार्य हो सकेंगे पूरे

# नगर निगम को इंदिरापुरम कॉलोनी हैंडओवर पर फोकस

## जीडीए-नगर निगम व अन्य विभागों के कार्य शामिल, सड़क, पार्क समेत प्रोजेक्ट

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : लोकसभा चुनाव-2024 के चलते आदर्श आचार संहिता हटने के बाद अब जिले में रूके हुए विकास कार्यों में तेजी आएगी। करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए अब विभागों द्वारा तैयारी की जाएगी। जीडीए,नगर निगम समेत अन्य विभागों के लोकसभा चुनाव के चलते पिछले तीन माह से विकास कार्य रूक गए थे। जीडीए की इंदिरापुरम कॉलोनी को नगर निगम को हैंडओवर करने का मुद्दा भी हल हो सकेगा। इससे करीब 1.50 लाख की आबादी को फायदा मिलेगा। इसके अलावा महायोजना-2031 का मास्टर प्लान भी लागू होगा।कोयल एंक्लेव योजना में रामायण थीम पार्क,बटर फ्लाई पार्क आदि प्रोजेक्ट को भी जीडीए अब पूरा कर सकेगा। लोकसभा चुनाव की वजह से पिछले तीन माह से आदर्श आचार संहिता लगी हुई थी। ऐसे में जनपद में नए विकास कार्य शुरू नहीं किए जा सकें। आचार संहिता हटने के बाद अब जनपद में विकास कार्यों में तेजी आएगी। इसमें मुख्य रूप से इंदिरापुरम आवासीय योजना को नगर निगम को हस्तांतरण होना भी शामिल हैं। नगर निगम और जीडीए अधिकारियों की संयुक्त टीम ने वहां का भौतिक सर्वे कर लिया है। ड्रोन से सर्वे होना बाकी हैं। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की इंदिरापुरम कॉलोनी को नगर निगम को हैंडओवर कराना प्राथमिकता में है। बता दें कि वर्ष-1987 में इंदिरापुरम योजना बसना शुरू हुई थी। इसके बाद वर्ष-2011 से इसे नगर निगम को हस्तांतरण कराने के लिए पत्र भेजा गया। इसके आलवा सिटी फॉरेस्ट को आकर्षक बनाने की दिशा में यहां पर बटर फ्लाई पार्क





भी बनेगा। इस पार्क में ऐसे प्रजाति के पौधे रोपित किए जाएंगे। जिससे तितलियां आकर्षित हो। मुख्य रूप से होस्ट प्लांट, सर्बस, हर्बस, घास, क्लाईम्बर, नेक्टर प्लांट, रेस्टिंग पैचे के पौधे रोपे जाएंगे। जीडीए का उद्यान अनुभाग इसका प्रस्ताव तैयार कर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। जीडीए की कोयल एंक्लेव योजना में रामायण पथ थीम पर पार्क विकसित किया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। कोयल एंक्लेव योजना में यह पार्क 22,700 वर्गमीटर जमीन पर विकसित होगा। इसमें करीब 22 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस पार्क में त्रेतायुग के जीवंत दर्शन हो सकेंगे। इसमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के दौरान का पूरा दृश्य प्रदर्शित होगा। इसमें अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक की झलक देखने को मिलेगी। केवट भेंट,चित्रकूट का दृश्य, वाल्मीकि आश्रम,मांडव्य आश्रम, अत्रि ऋषि का आश्रम, पंचवटी, सर्वतीर्थ,शबरी का आश्रम,मलय पर्वत, कोडीकरई, रामेश्वरम समुद्र तट, रामसेतु,अशोक वाटिका, नुवारा एलिया पर्वत श्रृंखला तक का दृश्य दिखाया जाएगा। इसके अलावा जीडीए राजनगर एक्सटेंशन, मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना समेत अन्य क्षेत्रों में विकास कार्य भी कराएगा। इसमें राजनगर एक्सटेंशन में सर्कुलर रोड व जोनल रोड का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा आरआरटीएस कॉरिडोर व विशेष विकास क्षेत्र के लिए जोनल प्लान तैयार किया जाएगा। इसके बाद यहां के भू-उपयोग को मिश्रित करते हुए विकास किया जाएगा।

**विकास कार्यों के साथ रूके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कराने की प्लानिंग**

जीडीए द्वारा शहर में कराए जाने वाले विकास कार्यों के साथ-साथ रूके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कराने के लिए प्लानिंग कर ली गई है। इन प्रोजेक्ट को पूरा कराने के लिए विभागों की ओर से तैयारी कर ली गई है। मधुबन-बापूधाम योजना में कराए जाने वाले विकास कार्यों के अलावा नई योजना पर भी काम शुरू कराया जाएगा।

अतुल वत्स, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।

**नए विकास कार्यों के साथ निर्माणाधीन प्रोजेक्ट हो सकेंगे पूरे**

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता भी हटाने की घोषणा कर दी है। ऐसे में नए विकास कार्यों के साथ निर्माणाधीन प्रोजेक्ट अब विभाग पूरे करा सकेंगे। जनपद में नए विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए विभाग इन पर कार्य शुरू करा सकते हैं।

इन्द्र विक्रम सिंह
जिलाधिकारी, गाजियाबाद।

# ढाबे पर पिलाई जा रही थी हरियाणा की शराब, ढाबा संचालक गिरफ्तार

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : जनपद में अवैध शराब को बेचने एवं धंधा करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। ढाबा संचालक व रेस्टोरेंट मालिकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम ने बगैर लाइसेंस के ढाबे पर हरियाणा मार्का शराब पिलाए जाने के चलते ढाबा संचालक को गिरफ्तार किया है। आबकारी नीति के अनुसार सीजनल व ऑकेजनल आबकारी लाइसेंस का रजिस्ट्रेशन व फीस तय होने के बाद बगैर लाइसेंस के शराब परोसने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। ढाबा संचालक बगैर लाइसेंस के अवैध रूप से ढाबे पर खाना-खाने आने वाले ग्राहकों को शराब पिलाने की व्यवस्था कराता था।इसके साथ हरियाणा व दिल्ली राज्य की शराब भी बेचता था।

आबकारी विभाग ने पूर्व में कई बार चेतावनी भी दी। मगर ढाबा मालिक अवैध रूप से शराब पिलाने के साथ शराब भी बेच रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने जैसे ही ढाबे पर दबिश दी तो ढाबा मालिक अपनी पहुंच का दुरुपयोग करने लगा। ढाबा मालिक ने अपने संबंधों का दुरुपयोग करते हुए आबकारी निरीक्षक को घेरने का प्रयास किया,मगर टीम ने बिना किसी दबाव में आकर ढाबा



ढाबे पर शराब पिलाने वाला संचालक गिरफ्तार।

मालिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आबकारी विभाग की टीम ढाबा संचालक को लेकर थाने पहुंची तो उसे छुड़ाने के लिए जनपद बुलंदशहर में तैनात एक थाना प्रभारी को फोन आया और उसे छोडने के लिए सिफारिश करने लगे। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में जनपद में शराब के निर्माण,तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार रात को आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा ने टीम के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग करते हुए दबिश दी। टीम के साथ ढाबे पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान ढाबा मालिक अवधेश पुत्र मोरपाल निवासी जयपुरिया अपार्टमेंट, शाहबेरी से शराब पिलाने का लाइसेंस मांगा तो दिखा नहीं पाया।

# अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार पर टिप्पणी, 2 आरोपी गिरफ्तार



आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार।

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : अयोध्या लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की हार के बाद अयोध्या के मतदाताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को टीला मोड़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दक्ष चौधरी और अन्नू चौधरी हिंदू रक्षा दल से जुड़े हैं। दक्ष चौधरी पहले भी चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारकर विवाद में आ चुका है। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा झटका लगा। खासकर अयोध्या (फैजाबाद)लोकसभा सीट पर बड़ा झटका लगा है, जहां समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने करीब 55 हजार वोटों से जीत दर्ज की। इस हार पर कथित तौर पर हिंदू संगठनों से जुड़े लोग और सोशल मीडिया यूजर्स अयोध्या के मतदाताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे थे। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों में मतदाताओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नीयत से अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस पर थाना टीला मोड़ में केस दर्ज कर दोनों नामजद आरोपियों दक्ष चौधरी और अन्नू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। दक्ष चौधरी गौरक्षक होने का दावा करता है और ऑनलाइन कपड़े का भी काम करता है,जबकि अन्नू चौधरी केवल गौरक्षक है। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं और 3 से 4 गौशालाएं चलाते हैं। दक्ष के इंस्टाग्राम पर 4 लाख और अन्नू के 12.4 हजार फॉलोअर्स हैं। इन दोनों को पहले भी शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका हैं।

# करोड़ों की प्रॉपर्टी कब्जाने को प्रॉपर्टी डीलर की पार्टनर ने की हत्या, 4 गिरफ्तार

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**गाजियाबाद/भूपेन्द्र तालान** : इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत वसुंधरा के प्रॉपर्टी डीलर राकेश वार्ष्णेय की उनके पार्टनर राजू उपाध्याय ने करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी कब्जाने के लिए अपहरण कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए पार्टनर समेत 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रॉपर्टी डीलर राकेश वार्ष्णेय तीन महीने से संदिग्ध परिस्थिति में गायब थे। पुलिस जांच में आया कि राजू ने दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में तैनात नर्सिंग स्टाफ की मदद से प्रॉपर्टी डीलर को कई एनेस्थीसिया (नशा)के इंजेक्शन लगाकर घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद पार्टनर ने उनके शव को मुरादनगर गंगनहर में फेंक दिया। बुलंदशहर पुलिस ने शव को बरामद किया था। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल ने हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि थाना शालीमार गार्डन प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं स्वाट ट्रांस हिंडन की संयुक्त टीम ने चारों हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन



प्रॉपर्टी डीलर की अपहरण कर हत्या, पार्टनर समेत 4 गिरफ्तार।

निमिष पाटिल ने बताया नीतिखंड निवासी ममता वार्ष्णेय ने पति राकेश वार्ष्णेय ने 28 फरवरी को अधिवक्ता के साथ डीसीपी ट्रांस हिंडन कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें उन्होंने अपनी और परिवार की जान का खतरा बताया था। वहां से अधिवक्ता दीपक को कड़कड?मा कोर्ट छोडने गए थे। शाम छह बजे अंतिम बार पति से बात हुई और रात 11 बजे उनका फोन बंद हो गया। दिल्ली पुलिस से शिकायत में पता चला कि कड़कड?मा कोर्ट में ही राकेश से उसका पार्टनर राजू उपाध्याय मिला था। वह भी प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। उसने पति राकेश को किसी बहाने से दूसरी जगह ले जाकर उनको अगवा कर लिया। उन्होंने बताया राजू ने घटना को अंजाम देने के लिए राकेश को एनेस्थीसिया के इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया था। फिर उनकी हत्या करके शव को तीन दोस्तों की मदद से मुरादनगर गंगनहर में फेंक दिया। उधर,देर रात जब राकेश घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ममता को चिंता होने लगी। कॉल करने पर फोन भी स्विच ऑफ था। वह राजू के घर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। राजू का भी नंबर तभी से बंद आ रहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई। जांच में पता चला कि कड़कड?मा कोर्ट में राकेश और राजू की मुलाकात हुई थी जबकि अगले दिन पति की कार डीएलएफ कॉलोनी के पास चाबी लगी हुई मिली थी। उन्होंने मामले की गहनता से जांच के लिए पुलिस आयुक्त से गुहार लगाई थी।

# संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री का विजन देश को विकसित बनाना : सीएम नायब सिंह

**चंडीगढ़/धरणी** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि देश को विकसित राष्ट्र बनाना है तथा इस



कार्यकाल में तेज गति से सरकार कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि बड़े जनादेश के साथ नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं और एनडीए की सरकार बन रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की संसदीय दल की बैठक में हिस्सा लेने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार इतिहास में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस देश की जनता ने श्री नरेंद्र मोदी जी व एनडीए पर विश्वास जताया है और इसके लिए वे देशवासियों को बधाई देते हैं। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में जन समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों से बडी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### योग जीवन जीने की एक बेहतर कला : एसडीएम

**इन्द्री/अनेजा** : एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि 21 जून 2024 को पूरे विश्व में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा और इसी के साथ-साथ 21 जून को हमारे देश व प्रदेश में भी जिला व उपमंडल स्तर पर भी मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है इसलिए योग जीवन जीने की एक बेहतर कला है। उन्होंने बताया कि योग क्रिया करने से मनुष्य मानसिक और शारीरिक रुप से तंदुरुस्त रहता है। इसलिए हमें नियमित रूप से योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग क्रिया जीवन को संतुलित एवं पुष्ट बनाने में बहुत ही मददगार होती है। इसलिए हम सभी को मिलकर लोगों में योग के महत्व की जागरूकता लाना बहुत जरूरी हैं। उन्होंने ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पर परा का अमूल्य उपहार है, योग क्रिया को नियमित रूप से हमें जीवन में अपनाना चाहिए। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि योग मन और शरीर, विचार और कार्य,अवरोध और सिद्धि को साकार रूप प्रदान करता है, व्यक्ति और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाता है, इसमें केवल व्यायाम नहीं बल्कि प्रकृति और मनुष्य के बीच की कड़ी है। उन्होंने ने बताया कि हर व्यक्ति अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहता है और योग ही एक ऐसी पद्धति एवं विज्ञान है जिससे हम अपने शरीर को जीवन भर स्वस्थ व निरोगी रख सकते हैं।



# वकीलों ने छबील लगाकर की जल सेवा

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**करनाल/आशुतोष गौतम** : करनाल के अदालत परिसर में वकीलों की ओर से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। भीषण गर्मी के बीच अदालत में आने वाले लोगों की सेवा कर वकीलों ने यह पुण्य कार्य किया। अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता अनिल पंवार, अधिवक्ता सोनू कुमार, अधिवक्ता मनिंदर सिंह व अधिवक्ता राकेश कुमार रहेजा ने विशेष सहयोग करते हुए अदालत में आने-जाने वाले लोगों के लिए जल सेवा की। छबील की शुरूआत बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौधरी व बार के पदाधिकारियों ने लोगों को जल पिलाकर की। एडवोकेट नरेंद्र शर्मा ने कहा कि वह मीठे पानी की छबील अपने साथियों के साथ कई वर्षों से लगाते आ रहे हैं, जिसमें सभी वरिष्ठ व युवा अधिवक्ता साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि मीठे पानी की छबील



समूह वकील छबील बांटते हुए।

लगाने से भगवान विष्णु का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है हमें इस तरह के कार्यक्रम करते रहने चाहिए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिले। गर्मी में जल सेवा से बड़ा पुण्य कार्य और कोई नहीं हो सकता। इस अवसर पर बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा चंडीगढ़ के सदस्य भूपेंद्र सिंह राठौड़ व राज कुमार चौहान तथा बालकृष्ण शर्मा, जगदीश चंद चावला, ऋषि राम शर्मा, कंवरप्रीत भाटिया, विनोद शर्मा, कंवर कैलाश चौहान, बृजभूषण शर्मा, मुनीष लाठर ,यश चोपड़ा, सुदर्शन पातलान, राजबीर शर्मा, योगेंद्र मेहला, जंगशेर राणा, जगमाल मंडाण, प्रदीप गिल, युद्धवीर चौहान, दिनेश चौहान, ओम प्रकाश कश्यप, संदीप शर्मा, अतुल मल्होत्रा, अमित शर्मा, लखन कामरा , मोहित अरोड़ा,गौरव राणा, सागर सेन व दलबीर सैनी, मृदुला चौहान, छवी गुप्ता, रीना व रेखा कौशिक आदि मौजूद रहे।

### राम मोहन राय होंगे विष्णु प्रभाकर अंतर्राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

**पानीपत/कौशिक** : विष्णु प्रभाकर की विख्यात कृति आवारा मसीहा के पचास साल पूरे होने पर साहित्य, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अधिक सक्रिय और अपनी एक खास पहचान कायम करने वाले पानीपत के एडवोकेट तथा गांधी ग्लोबल फ़ॅमिली के महासचिव राम मोहन राय को विष्णु प्रभाकर अंतर्राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया। वे हरियाणा के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जो इस पुरस्कार को प्राप्त करेंगे। यह जानकारी देते हुए विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान के मंत्री और साहित्यकार अतुल कुमार प्रभाकर ने बताया कि विष्णु प्रभाकर स्मृति प्रोत्साहन राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुनी गई सभी हस्तियों को यह सम्मान गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा और विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान के साझे प्रयासों से पिछले दस सालों से निरंतर सक्रिय सन्निधि संगोष्ठी की ओर से 30 जून को विष्णु प्रभाकर की जयंती के उपलक्ष्य पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में दिया जायेगा।

# मेरी जीत सिरसा के लोगों की जीत : कुमारी सैलजा

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**सिरसा/कृष्ण तिवाड़ी** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की विजयी सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा सीट पर मिली प्रचंड जीत उनकी नहीं सिरसा संसदीय क्षेत्र के लोगों की जीत है। प्रदेश में कांग्रेस की अभूतपूर्व जीत प्रदेश के लोगों की जीत है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की जनता ने दस साल से झूठ की राजनीति करने वाली भाजपा को नकार दिया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। खुद को मिली प्रचंड



जीत के लिए उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता, पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्यार, मान-सम्मान, सहयोग और समर्थन के लिए वे सदैव जनता की ऋणी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर देश के लोगों को बांटने की राजनीति कर रही थी, वह भाईचारा खत्म करना चाहती थी पर देश की जनता ने उन्हें नकार दिया है। भाजपा को मुद्दो पर बात करनी चाहिए थी देश के विकास को लेकर बात करनी चाहिए थी पर वह सारे मुद्दों को ताक पर रखकर केवल और केवल धर्म की राजनीति कर रही थी।

### ब्रेन ट्यूमर को लेकर जागरुकता सत्र आयोजित

**पानीपत/कौशिक** : ब्रेन ट्यूमर के रोगियों के लिए शुरुआती लक्षणों और इसके उपचार को लेकर जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शालीमार बाग नई दिल्ली के डॉक्टरों ने आज एक सार्वजनिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। ब्रेन ट्यूमर के लक्षणों और सर्जिकल हस्तक्षेप पर प्रकाश डालते हुए मैक्स अस्पताल में न्यूरोसर्जरी के प्रिंसिपल डायरेक्टर और प्रमुख डा.अनिल कुमार कंसल ने कहा कि ब्रेन ट्यूमर सिरदर्द, अचानक चक्कर आना, बेहोशी, चलने में कठिनाई, संतुलन की हानि, संवेदना या समन्वय की हानि, दृश्य समस्याएं, भाषण समस्याएं और निगलने में परेशानी प्रारंभिक पहचान महत्वपूर्ण है।

# लड़कियों रास्ते में कोई तंग करें तो जल्द पुलिस को बताएं : राजेश लता

## काउंसलिंग सैल की इन्चार्ज ने छात्राओं को किया मोटिवेट

**उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क**

**करनाल/आशुतोष गौतम** : पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के आदेशानुसार करनाल पुलिस की काउंसलिंग सैल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा बागबानी महाविद्यालय अंजनथली की छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि कालेज आते-जाते समय सावधानी बरतें और यदि कोई रास्ते में परेशान करे या उनका पीछा करे तो उसे सबक सीखाने के लिए व जल्द से जल्द पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए क्या करें।

उन्होंने छात्राओं को बताया कि सर्वप्रथम उन्हें कालेज में उनके हितों एवं सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन करना चाहिए। कालेज परिसर में यदि कोई उनके साथ रैगिंग करता है या उन्हें नशीला पदार्थ आफर करता है तो उसकी सुचना तुरंत कालेज प्रबंधन को दें। उन्होंने कहा कि सभी छात्राएं स्मार्ट फोन का उपयोग करती हैं, इसलिए सभी अपने प्ले स्टोर से आज ही दूर्गा



राजेश रत्ता लड़कियों को मोटिवेट करते हुए।

शक्ति ऐप डाउनलोड करें और मुश्किल घड़ी में आप इस ऐप के प्रयोग से अपने लिए जल्द से जल्द पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को दुर्गाशक्ति ऐप के प्रयोग का तरीका सीखाया, इसके अलावा उन्होंने बताया कि महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर काल करके भी आप पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं। निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं से कहा कि यदि कालेज आने जाने के समय कोई उनका पिछा करता है या रास्ते में परेशान करता है तो दूर्गाशक्ति ऐप का प्रयोग करके आप पुलिस के साथ अपनी लोकेशन सांझा कर सकती हैं, जिससे पुलिस तुरंत आपकी लोकेशन पर पहुंचकर आपकी सहायता करेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं को महिलाओं के हितों के लिए बनाए गए कानूनों के संबंध में भी विस्तार से बताया।

ICICI Home Finance

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

**शाखा कार्यालय:** प्रथम मंजिल, XVI/10200, 13/30 बीडन पुरा, पदम सिंह रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**( नियम 8 ( 6 ) का परंतुक देखें )**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना**

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | सुनील कुमार (ऋणदाता) ओमवती, रेखा (सह-ऋणदाता) Loan A/c No. LHDWJ 00001299606 | डब्ल्यूओ रूफ राइट प्लाट नं. 37/सी/2, खसरा नं. 60/17, मोहन गार्डन, उत्तम नगर गांव हस्तसाल दिल्ली दिल्ली-110059 | रु. 17,89,341/-, 04, जून 2024 | रु. 16,60,500/- / रु. 1,66,050/- | 08 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 16 जुलाई 2024 को सायं 02:00 बजे से साय 03:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **15 जुलाई , 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, XVI/10200, 13/30 बीडन पुरा, पदम सिंह रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 15 जुलाई, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, XVI/10200, 13/30 बीडन पुरा, पदम सिंह रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में या **15 जुलाई, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/ अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या **अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जून 08, 2024
स्थान: दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

CMYK